**Roll No. ...................................**

# E–103

## M. Com. (First Semester) EXAMINATION, Dec.-Jan., 2020-21

Paper Third

INCOME TAX LAW AND ACCOUNTS

*Time : Three Hours* ] [ *Maximum Marks : 80*

नोट : निर्देशानुसार सभी खण्डों के उत्तर दीजिए।

Attempt all Sections as directed.

खण्ड–अ प्रत्येक 1

**(Section—A)**

वस्तुनिष्ठ / बहुविकल्पीय प्रश्न

**(Objective/Multiple Choice Questions)**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

Attempt all questions.

सही उत्तर का चयन कीजिए :

Choose the correct answer :

1. आयकर की दरें निर्धारित की जाती हैं :

   (अ) आयकर अधिनियम में

   (ब) वित्त अधिनियम में

   (स) अध्यादेश में

   (द) इनमें से कोई नहीं

Rates of Income tax are fixed under :

(a) The Income Tax Act

(b) The Finance Act

(c) An ordinance

(d) None of these

2. अन्य व्यक्तियों की आय पर कर चुकाने के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को कहते हैं :

(अ) वास्तविक करदाता

(ब) नाममात्र करदाता

(स) माना हुआ करदाता

(द) इनमें से कोई नहीं

The person liable to pay Income Tax on the income of other persons is called :

(a) Real Assessee

(b) Assessee only for name

(c) Deemed Assessee

(d) None of these

3. एक शिक्षण संस्था, जिसका उद्देश्य लाभ कमाना नहीं है, की आय किस धारा के अन्तर्गत कर-मुक्त है ?

(अ) 10 (23C)

(ब) 10 (80G)

(स) 10 (10B)

(द) 10 (23D)

The income of an educational institution of non-profit motive is exempt under which section :

(a) 10 (23C)

(b) 10 (80G)

(c) 10 (10B)

(d) 10 (23(D)

4. करदाता की निवासीय स्थिति प्रत्येक वर्ष :

(अ) बदल सकती है

(ब) निश्चित बदलेगी

(स) नहीं बदलेगी

(द) इनमें से कोई नहीं

Every year the residential status of an assessee :

(a) may change

(b) will certainty change

(c) will not change

(d) None of these

5. मृत कर्मचारी की विधवा को प्राप्त वेतन कर-योग्य होगा :

(अ) वेतन शीर्षक में

(ब) व्यवसाय या पेशे से आय शीर्षक में

(स) अन्य साधनों से आय शीर्षक में

(द) इनमें से कोई नहीं

Salary to a widow of a deceased employee shall be taxable :

(a) under the head ‘salaries’

(b) under the head ‘Income from Business or Profession’

(c) under the head ‘Income from other sources’

(d) None of these

6. नियोक्ता द्वारा कर्मचारी को टाइटन घड़ी क्रय करने हेतु ₹ 5,200 का नकद उपहार दिया गया। इस स्थिति में कितनी रकम कर-योग्य होगी ?

(अ) शून्य रकम

(ब) ₹ 200

(स) ₹ 5,000

(द) ₹ 5,200

An employer gave cash gift of ₹ 5,200 to his employee to purchase a Titan watch. In this case how much amount shall be taxable ?

(a) zero amount

(b) ₹ 200

(c) ₹ 5,000

(d) ₹ 5,200

7. 'मकान सम्पत्ति से आय' शीर्षक के अन्तर्गत कर का आधार होता है :

(अ) प्राप्त किराया

(ब) प्रमापित किराया

(स) नगरपालिका मूल्य

(द) वार्षिक मूल्य

The base of tax under the head 'Income from House Property' is :

(a) Rent received

(b) Standard Rent

(c) Municipal value

(d) Annual value

8. अप्राप्त किराये की रकम को निम्नलिखित में से घटाया जायेगा :

(अ) शुद्ध वार्षिक मूल्य में से

(ब) वार्षिक मूल्य में से

(स) सकल वार्षिक मूल्य में से

(द) इनमें से कोई नहीं

Unrealised rent shall be deducted from the following :

(a) From Net Annual Value

(b) From Annual Value

(c) From Gross Annual Value

(d) None of these

9. किराये पर चलने वाली मोटर-लॉरी पर ह्रास की दर लगेगी :

(अ) 20%

(ब) 30%

(स) 40%

(द) 15%

Rate of depreciation shall be charged on Motor-Lorry given on hire :

(a) 20%

(b) 30%

(c) 40%

(d) 15%

10. धारा 37(1) के अन्तर्गत उन व्ययों के सम्बन्ध में कटौती दी जाती है, जिनकी प्रकृति है :

(अ) आयगत

(ब) पूँजीगत

(स) आयगत व पूँजीगत दोनों

(द) इनमें से कोई नहीं

Deduction U/S 37(1) shall be allowed for those expenditure which are of nature :

(a) Revenue

(b) Capital

(c) Both revenue and capital

(d) None of these

11. निम्नलिखित में से कौन-सा विक्रय व्यय नहीं है ?

(अ) विज्ञापन व्यय

(ब) कमीशन

(स) दलाली

(द) प्रतिभूति लेन-देन कर

Which of the following is not selling expense ?

(a) Advertisement expenses

(b) Commission

(c) Brokerage

(d) Securities Transaction Tax

12. दिखावटी लेन-देन तरीका है :

(अ) आयकर बचाने का

(ब) आयकर कम चुकाने का

(स) आय कम दिखाने का

(द) इनमें से कोई नहीं

Bond washing transaction is a method :

(a) To save income tax

(b) To pay less income tax

(c) To show less income

(d) None of these

13. 'व्यवसाय एवं पेशा' शीर्षक की हानि को निम्नलिखित आय से पूरा नहीं कर सकते हैं :

(अ) पूँजी लाभ

(ब) वेतन से आय

(स) अन्य साधनों से आय

(द) इनमें से कोई नहीं

Loss under head 'Business and Profession' cannot be set-off against the following income :

(a) Capital gain

(b) Income from salaries

(c) Income from other sources

(d) None of these

14. करदाता के बच्चों की शिक्षा के सम्बन्ध में शिक्षण शुल्क की कटौती को निम्नलिखित धारा में सम्मिलित किया जायेगा :

(अ) धारा 80 D

(ब) धारा 80 E

(स) धारा 80 C

(द) धारा 80 CCC

Tuition fee of assesee's children shall be covered for deduction under the following section :

(a) Sec. 80 D

(b) Sec. 80 E

(c) Sec. 80 C

(d) Sec. 80 CCC

15. निम्नलिखित में से कौन-सी धारा की छूट एक HUF अपनी सकल कुल आय में प्राप्त नहीं कर सकता ?

(अ) 80 D

(ब) 80 G

(स) 80 DD

(द) 80 P

Under which section of the following, an HUF is not entitled to deduction form its gross total income ?

(a) 80 D

(b) 80 G

(c) 80 DD

(d) 80 P

16. HUF की दशा में वैकल्पिक न्यूनतम कर के प्रावधान निम्नलिखित दशा में लागू होंगे :

(अ) कुल आय ₹ 20 लाख होने पर

(ब) कुल आय ₹ 20 लाख से अधिक होने पर

(स) कुल आय ₹ 20 लाख कम होने पर

(द) इनमें से कोई नहीं

In case of HUF, the provisions of alternate minimum tax shall be applicable in the following cases :

(a) Total income is ₹ 20 lakh

(b) Total income exceeds ₹ 20 lakh

(c) Total income is below ₹ 20 lakh

(d) None of these

17. कर-निर्धारण अधिकारी का पद निम्नलिखित तिथि से सृजित हुआ है :

(अ) 01-04-1988

(ब) 01-04-1989

(स) 01-04-1990

(द) इनमें से कोई नहीं

The designation of assessing officer is created from the following date :

(a) 01-04-1988

(b) 01-04-1989

(c) 01-04-1990

(d) None of these

18. आयुक्त को अर्थदण्ड माफ करने का अधिकार निम्नलिखित धारा के अन्तर्गत मिला हुआ है :

(अ) धारा 271 A

(ब) धारा 273 AA

(स) धारा 273 A

(द) इनमें से कोई नहीं

The commissioner has right to relieve penalty under the following section :

(a) Sec. 271 A

(b) Sec. 273 AA

(c) Sec. 273 A

(d) None of these

19. आयुक्त (अपील) के यहाँ अपील एक निर्धारित फॉर्म पर की जाती है, जिसकी संख्या है :

(अ) 35

(ब) 31

(स) 33

(द) इनमें से कोई नहीं

The appeal to commissioner (appeal) is done on a prescribed form of which number is :

(a) 35

(b) 31

(c) 33

(d) None of these

20. यदि कुल आय ₹ 1,00,000 से अधिक किन्तु ₹ 2,00,000 से अधिक नहीं है तथा अपील, आयुक्त (अपील) के यहाँ की जाती है, तो अपील की फीस होगी :

(अ) ₹ 250

(ब) ₹ 500

(स) ₹ 1,000

(द) इनमें से कोई नहीं

If the total income exceeds ₹ 1,00,000 but not more than ₹ 2,00,000 and appeal is done to commissioner (Appeal), the fee for the appeal shall be :

(a) ₹ 250

(b) ₹ 500

(c) ₹ 1,000

(d) None of these

खण्ड—ब प्रत्येक 2

**(Section—B)**

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**(Very Short Answer Type Questions)**

नोट : इस खण्ड से किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए।

Write answer of any *eight* questions from this Section in two or three sentences.

1. आयकर की कोई दो विशेषताओं को लिखिए।

Write any *two* characteristics of Income tax.

2. आय कर से पूर्णतया मुक्त किन्हीं चार आयों के नाम बताइए।

State any *four* incomes which are completely exempted from income tax.

3. यातायात भत्ता किस सीमा तक करमुक्त होता है ?

What is extent transport allowance exempt ?

4. सम्भावित किराये से क्या आशय है ?

What is meant by expected rent ?

5. घुड़दौड़ से जीत के सम्बन्ध में स्रोत पर कर कटौती कब नहीं की जाती है ?

When tax is not deducted at source form winnings of horse race ?

6. प्राप्त करने की लागत को सूचकांकित करने का क्या आशय है ?

What is indexing of cost of acquisition ?

7. ऐसे चार दिये गये दानों के नाम लिखिए जिन पर 50% कटौती स्वीकृत है।

Write *four* such donations for which 50% deduction is allowed.

8. एक हिन्दू अविभाजित परिवार में सहभागी सदस्य कौन होते हैं ?

Who are coparceners in Hindu undivided family ?

9. प्रत्यक्ष करों के केन्द्रीय बोर्ड के दो कार्यों का उल्लेख कीजिए।

List out any *two* functions of Central Board of Direct taxes.

10. उन दो अपराधों को बताइये जिनके लिए किसी व्यक्ति के विरुद्ध अभियोजन की कार्यवाही की जा सकती है।

State those *two* offences which make a person liable for prosecution.

खण्ड—स प्रत्येक 3

**(Section—C)**

लघु उत्तरीय प्रश्न

**(Short Answer Type Questions)**

नोट : किन्हीं आठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गणितीय प्रकृति के प्रश्नों को छोड़कर अन्य प्रश्नों का उत्तर लगभग 75 शब्दों में दीजिए।

Attempt any *eight* questions. Each question except numerical nature is to be answered in about 75 words.

1. निम्नलिखित व्यक्तियों की स्थिति निर्धारित कीजिए :

(i) पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय

(ii) इलाहाबाद बैंक

(iii) बर्जर पेण्ट्स प्रा. लिमिटेड

(iv) रायपुर नगर निगम

(v) एस. बी. पी. डी. पब्लिकेशन्स

(vi) 'अ' तथा 'ब', 'स' के कानूनी उत्तराधिकारी हैं। 'स' की मृत्यु 2018 में हो गई तथा 'अ' तथा 'ब' साझेदारी में सम्मिलित न होते हुए व्यवसाय का संचालन कर रहे हैं।

Determine the status of the following persons :

(i) Pt. Ravishankar Shukla University

(ii) Allahabad Bank

(iii) Berger paints Pvt. Ltd.

(iv) Municipal Corporation of Raipur

(v) S. B. P. D. publications

(vi) A and B who are legal heris of C. C died in 2018 and A and B carry on his business without entering into a partnership.

2. पाकिस्तानी क्रिकेट खिलाड़ी इमरान खान 2000-2001 से प्रति वर्ष भारत में क्रिकेट खेलने आता है और भारत में 4 माह रहता है। कर-निर्धारण वर्ष 2020-2021 के लिए उसकी निवासीय स्थिति बताइए।

Mr. Imran khan, a Pakistani cricket player, comes to India since 2000-2001 every year to play cricket and stays here for about 4 months. State his residential status for the assessment year 2020-2021.

3. श्री ए. के. जैन ग्रेच्युइटी अधिनियम, 1972 के अन्तर्गत नहीं आते हैं, 34 वर्ष 9 माह 23 दिन की सेवा के उपरान्त 23 जून, 2019 को सेवानिवृत्त होने पर ₹ 5,76,000 ग्रेच्युइटी के प्राप्त करते हैं। उन्होंने सबसे अन्त में निम्नलिखित कुल वेतन प्राप्त किया :

मूल वेतन ₹ 31,200 प्रतिमाह; महँगाई भत्ता ₹ 7,200 प्रतिमाह (स्थायी)।

मूल वेतन में ₹ 1,200 प्रति माह की वार्षिक वृद्धि प्रति वर्ष 1 जनवरी को होती है। कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 में ग्रेच्युइटी की कितनी राशि कर-मुक्त होगी ?

Sri A. K. Jain, who is not covered by the payment of Gratuity Act, 1972, receives a gratuity of ₹ 5,76,000 when he retires on 23rd June, 2019 after a service of 34 years 9

months and 23 days. His last drawn emoluments are as follows :

Basic salary ₹ 31,200 p. m.; dearness allowance ₹ 7,200 p. m. (fixed).

Annual increment in basic salary ₹ 1,200 p. m. falls due on 1st January every year. What amount of gratuity is exempt from tax in the assessement year 2020-21 ?

4. 'मकान सम्पत्ति से आय' शीर्षक के अन्तर्गत कौन-सी आय कर-मुक्त है ?

Which income is exempted under the head 'Income from House property' ?

5. मि. देसाई ने 10 जुलाई, 2002 को ₹ 4,60,000 में एक सम्पत्ति खरीदी जिसे उसने 2 जुलाई, 2019 को रहतिये में परिवर्तित करा लिया। इस परिवर्तन की तिथि को सम्पत्ति का उचित बाजार मूल्य ₹ 27,80,000 था। मि. देसाई ने इस रहतिये को दिसम्बर 2019 में ₹ 27,98,000 में बेच दिया। कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए पूँजी लाभ की गणना कीजिए। रहतिये का विक्रय करने पर क्या प्रभाव होगा ? वर्ष 2002-03 में लागत स्फीति सूचकांक 105 तथा 2019-20 में 289 है।

Mr. Desai purchased an asset on July 10, 2002 for ₹ 4,60,000 which he converted into stock in trade as on July 2, 2019. On the date of this conversion the fair market value of asset was ₹ 27,80,000. Mr. Desai sold this stock in December 2019 for ₹ 27,98,000. Compute capital gain during assessment year 2020-21. What would be effect on the sale of stock ? Cost Inflation Index No. in the year 2002-03 is 105 and 2019-20 is 289.

6. निम्नलिखित विवरण से ज्ञात कीजिए कि अशोधित ह्रास की कितनी रकम आगे ले जायी जायेगी ?

| | | |
|---|---|---|
| (i) | व्यवसाय की आय (ह्रास लगाने से पूर्व) | ₹ 1,08,000 |
| (ii) | ह्रास | ₹ 2,22,000 |
| (iii) | मकान-सम्पत्ति शीर्षक से आय | ₹ 90,000 |
| (iv) | अन्य स्रोतों से आय | ₹ 9,000 |

From the following particulars, find out the amount of unabsorbed depreciation to be carried forward :

| | | |
|---|---|---|
| (i) | Income from business (Before charging depreciation) | ₹ 1,08,000 |
| (ii) | Depreciation | ₹ 2,22,000 |
| (iii) | Income from house property head | ₹ 90,000 |
| (iv) | Income from other sources | ₹ 9,000 |

7. आयकर अधिनियम में हानियों के अपलेखन सम्बन्धी प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

Discuss the provisions of Income Tax Act, relating to setoff of losses.

8. धारा 80 DD में कटौती का वर्णन कीजिए।

Describe the deduction U/S 80 DD.

9. इनकम-टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल के क्या कार्य हैं ?

What are the functions of the Income Tax Appellate Tribunal ?

10. अर्थदण्ड माफ करने सम्बन्धी आयुक्त के अधिकार का वर्णन कीजिए।

Describe the rights of Commissioner relating to exempt from penalty.

खण्ड—द प्रत्येक 5

**(Section—D)**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

**(Long Answer Type Questions)**

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गणितीय प्रकृति के प्रश्नों को छोड़कर अन्य प्रश्नों का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए।

Attempt all questions. Each question except numerical nature is to be answered in about 150 words.

1. "आयकर गतवर्ष की आय पर लगता है।" क्या आप इस कथन से पूर्णतया सहमत हैं ? यदि नहीं, तो अपवाद बताइये।

   "Income tax is charged on the income of the previous year." Do you fully agree with the statement ? If not, what are the exceptions.

   अथवा

   (*Or*)

   कमिश्नर (अपील) के यहाँ अपील की कार्यविधि का संक्षेप में वर्णन कीजिए।

   Describe briefly the procedure of an appeal to the Commissioner (Appeal).

2. मि. गिरि जो नेपाल सरकार के सेवानिवृत्त कर्मचारी हैं, ने दिसम्बर 2008 में ग्वालियर (जनसंख्या 28 लाख) में एक निजी फर्म के यहाँ सेवाएँ प्रारम्भ कीं। वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए अपनी आय का निम्नलिखित विवरण प्रस्तुत किया है :

| | | ₹ (प्रति माह) |
|---|---|---|
| (i) | वेतन (उसने एक माह का वेतन नेपाल में प्राप्त किया) | 15,000 |
| (ii) | योजना भत्ता | 1,000 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | चिकित्सा भत्ता | 1,000 |
| (iv) | मनोरंजन भत्ता | 2,500 |
| (v) | यात्रा भत्ता दौरे के लिए | 7,000 |
| (vi) | व्यवसाय के समय में नाश्ते की सुविधा | 2,000 |
| (vii) | नेपाल सरकार से पेंशन (उसने पेंशन नेपाल में ही प्राप्त की और वहीं एक बैंक में जमा कर दी) | 6,000 |

(viii) उसे रहने के लिए एक सुसज्जित मकान दिया गया गया है जिसके लिए नियोक्ता ₹ 12,000 प्रतिमाह भुगतान करता है, लेकिन उसके वेतन से केवल ₹ 3,000 प्रतिमाह की ही कटौती करता है। उसे जो फर्नीचर दिया गया है उसकी लागत ₹ 1,00,000 है।

(ix) उसके स्वयं का अप्रमाणित प्रॉविडेण्ट फण्ड में अंशदान ₹ 3,000 प्रतिमाह है तथा नियोक्ता भी इसके बराबर की राशि का अंशदान देता है।

कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए उसकी वेतन से आय की गणना कीजिए।

Mr. Giri who is a retired employee of the Nepal Government, started serive in a private firm at Gwalior (Population 28 lakh) since December 2008. He furnished the following particulars of his income for the financial year 2019-20 :

| | | ₹ per month |
|---|---|---|
| (i) | Salary (one month salary received in Nepal) | 15,000 |
| (ii) | Planning allowance | 1,000 |
| (iii) | Medical allowance | 1,000 |

| | | |
|---|---|---|
| (iv) | Entertainment allowance | 2,500 |
| (v) | Travelling allowance for tour | 7,000 |
| (vi) | Refreshment facility during business hours | 2,000 |
| (vii) | Pension from Nepal Govt. (he received the pension in Nepal and deposited in a bank there) | 6,000 |

(viii) He has been provided with a furnished house for which the employer pays ₹ 12,000 p. m. but deducts only ₹ 3,000 p. m. from his salary. The furniture provided to him costs ₹ 1,00,000.

(ix) His own contribution to unrecognised provident fund is ₹ 3,000 p. m. and the employer also contributes an equal amount.

Compute his income from salary for the assessment year 2020-21.

अथवा

(*Or*)

श्री बी. लाल एक व्यवसायी है। उन्होंने एक बहुमंजिली इमारत बनवायी जिसमें बराबर आकार के 16 फ्लैट हैं, जिसका निर्माण कार्य अप्रैल 2015 में प्रारम्भ हुआ और अप्रैल 2018 में पूर्ण हो गया। 16 फ्लैटों में से 8 फ्लैट रहने के लिए किराये पर और 2 फ्लैट व्यवसाय के लिए किराये पर उठा दिये। 2 फ्लैट श्री बी. लाल स्वयं के रहने के लिए उपयोग कर रहे हैं। 2 फ्लैट अपने व्यवसाय के लिए तथा 2 फ्लैट अपने व्यवसाय के दो कर्मचारियों को रहने के लिए आबंटित किये जिससे व्यवसाय चलाने में सुगमता रहे। 10 किरायेदारों में से प्रत्येक से ₹ 4,000 प्रतिमाह किराया वसूल किया जाता है। श्री बी. लाल द्वारा 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए फ्लैट के सम्बन्ध में अग्रलिखित व्यय किये गये :प्रत्येक

फ्लैट का नगरपालिका कर ₹ 750; मरम्मत लागत ₹ 250 प्रति फ्लैट, निर्माण कार्य हेतु लिये गये ऋण पर वार्षिक ब्याज ₹ 2,40,000 (ऋण 1 अप्रैल, 2016 को लिया गया)। कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए मकान सम्पत्ति की आय ज्ञात कीजिए।

Shri B. Lal is a businessman. He has constructed a multi-stories building consisting of 16 flats of equal size, the construction of which was started in April 2015 and completed in April 2018. Of these 16 flats, 8 flats were, and 2 flats to tenants for their business. 2 flats were used by Shri B. Lal for his own residence, 2 flats were used by him for his own business and 2 flats were allotted two employees of Shri B. Lal's business for their residence to facilitate the carrying on his business. The rent charged form each of the 10 tenants was ₹ 4,000 p. m. The expenses incurred by Shri B. Lal in respect of the flats during the year ended on 31st March, 2020 were as follows : Municipal taxes for each flat ₹ 750, cost of repair for each flat ₹ 250, annual interest on loan for construction of the house ₹ 2,40,0000 (loan was taken on 1st April, 2016). Compute the income of house property for the assessment year 2020-21.

3. मि. शहनाज, एक व्यापारी का लाभ-हानि खाता निम्नलिखित मदों के नाम पक्ष में लिखने के बाद ₹ 88,000 का शुद्ध लाभ दर्शाता है। कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए व्यवसाय की आय ज्ञात कीजिए :

(i) आयकर का भुगतान ₹ 17,000 एवं आयकर सम्बन्धी कार्यवाही पर व्यय ₹ 11,000।

(ii) आयकर चुकाने के लिए लिये गए ऋण का ब्याज ₹ 4,000।

(iii) विक्रय कर ₹ 1,800 एवं विक्रय-कर समय पर न चुकाने के कारण जुर्माना ₹ 4,000।

(iv) एक लेनदार को ₹ 28,000 का नकद भुगतान।

(v) नगरपालिका कर ₹ 1,800। इस भवन के 1/3 भाग में उसका व्यापार चलता है, आधे भाग में स्वयं रहता है एवं शेष भाग किराये पर दिया हुआ है।

उपर्युक्त शुद्ध लाभ में पुराने डूबत ऋण की वसूली ₹ 4,800 शामिल है, जिसकी पूर्व में आयकर अधिकारी ने कटौती स्वीकृत नहीं की थी।

Profit and loss account of Mr. Sahnaz, a trader shows net profit of ₹ 88,000 after debiting the following items. Find out income from business for the assessment year 2020-21 :

(i) Payment of income tax ₹ 17,000 and income-tax procedure expenses ₹ 11,000.

(ii) Interest on loan taken from payments of Income tax ₹ 4,000.

(iii) Sales tax ₹ 1,800 and penalty ₹ 4,000 for delay payment of sales-tax.

(iv) Cash payment to a creditor ₹ 28,000.

(v) Municipal tax ₹ 1,800. 1/3rd portion of the house is used for business and half portion is used for self-residence and remaining portion is let-out.

A foresaid net profit includes ₹ 4,800 for recovery of old bad debts, which were disallowed by income tax officer in past.

अथवा

(*Or*)

श्रीमती करनजीत की आय का विवरण निम्नलिखित है :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | सरकारी प्रतिभूतियों पर प्राप्त ब्याज | 18,000 |
| (ii) | विदेशी कम्पनी से लाभांश प्राप्त | 16,000 |

| | | |
|---|---|---|
| (iii) | लॉटरी से जीत के प्राप्त हुए | 1,33,000 |
| (iv) | शर्त में जीते | 50,000 |
| (v) | निजी कार को किराये पर उठाने से आय (कार किराये पर उठाना श्रीमती करनजीत का व्यापार नहीं है।) | 80,000 |
| (vi) | पारिवारिक पेंशन ₹ प्रतिमाह | 3,000 |

उसने निम्नलिखित व्यय किये :

(i) अंश एवं प्रतिभूतियाँ क्रय करने हेतु लिये ऋण पर ब्याज चुकाया ₹ 14,000।

(ii) लाभांश एंव ब्याज एकत्र करने पर बैंक को 2% कमीशन दिया।

(iii) लॉटरी के टिकट क्रय करने में ₹ 3,000 व्यय किये।

(iv) निजी कार के किराये की अवधि का व्यय (ह्रास सहित) ₹ 24,000।

कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए श्रीमती करनजीत की 'अन्य साधनों से आय' शीर्षक की गणना कीजिए।

Following are the particulars of income of Smt. Karanjeet :

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (i) | Interest recieved on Govt. securities | 18,000 |
| (ii) | Dividend recieved from a froiegn comapny | 16,000 |
| (iii) | Amount received from winnigns of lottery | 1,33,000 |
| (iv) | Winning from betting | 50,000 |
| (v) | Income from letting on hire the private car (Letting on hire of car is not the business of Smt. Karanjeet) | 80,000 |
| (vi) | Family pension ₹ per month | 3,000 |

She incurred the following expenditures :

(i) Interest paid on loan taken to purchase shares and securities ₹ 14,000.

(ii) Bank commission paid @ 2% for collecting dividend and interests.

(iii) Spent ₹ 3,000 on purchasing lottery tickets.

(iv) Expenses of the private car for the period during which it was let-out ₹ 24,000 (including depreciation).

Computer the income of Smt. Karanjeet under the head 'Income from other sources' for the assessment year 2020-21.

4. श्री गणेश जो आंशिक रूप से अपंग है, की 31 मार्च, 2020 को समाप्त होने वाले वर्ष की आय में निम्नलिखित शामिल हैं :

(अ) व्यापारिक लाभ (₹ 26,000 एक कॉलेज को दिये गये दान को घटाने के पश्चात्) ₹ 2,52,000।

(ब) एक पंजीकृत फर्म से एक-चौथाई भाग (जिसने आयकर भुगतान किया है) जिसमें वह साझेदार था ₹ 8,000।

(स) सरकारी प्रतिभूतियों पर ब्याज ₹ 8,000।

(द) भारतीय कम्पनियों के अंशों पर लाभांश ₹ 6,000।

(य) श्री गणेश ने अपनी पुत्र-वधू के लिए एक ₹ 2,00,000 का जीवन बीमा प्रपत्र जिस पर ₹ 2,000 का प्रीमियम भुगतान किया।

कर-निर्धारण वर्ष 2020-21 के लिए कुल आय की गणना कीजिए।

The income of Shri Ganesh, who is partially handicapped, for the year ended 31st March, 2020 consists of the following :

(a) Business profits (after setting off ₹ 26,000 paid as donation to a college) ₹ 2,52,000.

(b) 1/4th share from a registered firm (which has paid income tax) ₹ 8,000 in which he is partner.

(c) Interest on Govt. securities ₹ 8,000.

(d) Dividend on shares of Indian company ₹ 6,000.

(e) Shri Ganesh took a life insurance policy of ₹ 2,00,000 for his daughter-in-law on which a premium of ₹ 2,000 was paid.

Computer the total income for the assessment year 2020-21.

अथवा

(*Or*)

एक अविभाजित हिन्दू परिवार का कर-निर्धारण के आधार का वर्णन कीजिए।

Discuss the basis of assessment of Hindu Undivided Family.